**K.D.C. GOVT. DEGREE COLLEGE JAISINGHPUR**

# कँवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर
# जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
# वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24

इस समारोह के मुख्य अतिथि हैं इ0 यादविन्द्र गोमा जी, माननीय मंत्री (आयुष,युवा सेवाएं और खेल,कानून एवं विधि परामर्श (हि0 प्र0)। इस महाविद्यालय के प्रांगण में आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए गर्व एवं परम सौभाग्य की बात है। मैं प्राध्यापक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद्, अध्यापक अभिभावक संघ, विद्यार्थियों तथा अपनी ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत करता हूँ। इसके साथ ही साथ मैं इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ जिनकी उपस्थिति से यह कार्यक्रम शोभा मण्डित हो रहा है।

महोदय जी, यह महाविद्यालय महाराजा संसार चन्द की जन्मभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व की नगरी जयसिंहपुर में स्थित है। यह महाविद्यालय इस क्षेत्र की जनता के लिए शिक्षा का ज्योति स्तम्भ बन कर उभरा है।

पूर्वकालीन ब्यास वैली निजो महाविद्यालय का अधिग्रहण , क्षेत्रीय जनता की जन–भावनाओं तथा इस क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन प्रदेश सरकार ने 06 फरवरी 2007 को किया तथा इसका नाम कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर रखा गया। इस महाविद्यालय का अपना निजी भवन है एवं इसके परिसर का विस्तार कार्य निरन्तर चल रहा है।

मान्यवर, आपने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद इस समारोह में पधार कर हमें कृतार्थ किया है, इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका अत्यन्त आभारी है। अब म आपके समक्ष 2023–2024 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

## विद्यार्थी संख्या :–

इस महाविद्यालय में सत्र 2023–24 के दौरान तीनों संकायों में विद्यार्थियों की कुल संख्या इस प्रकार है–

| क्रमांक | | कक्षा | छात्र | छात्राएं | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कला संकाय | बी०ए० प्रथम वर्ष | 52 | 74 | 126 |
| 2 | | बी०ए० द्वितीय वर्ष | 34 | 76 | 110 |
| 3 | | बी०ए० तृतीय वर्ष | 18 | 45 | 63 |
| 4 | वाणिज्य संकाय | बी० कॉम प्रथम वर्ष | 17 | 20 | 37 |
| 5 | | बी० कॉम द्वितीय वर्ष | 21 | 14 | 35 |
| 6 | | बी० कॉम तृतीय वर्ष | 11 | 24 | 35 |
| 7 | विज्ञान संकाय | बी० एस० सी० प्रथम वर्ष | 16 | 17 | 33 |
| 8 | | बी० एस० सी० द्वितीय वर्ष | 7 | 29 | 36 |
| 9 | | बी० एस० सी० तृतीय वर्ष | 6 | 7 | 13 |
| | | **कुल विद्यार्थी** | **182** | **306** | **488** |

## कर्मचारी वर्ग :–

## K.D.C. GOVT. DEGREE COLLEGE JAISINGHPUR

### प्राध्यापक वर्ग

| Subject | Sanctioned | Filled | | | Vacant | Local PTA Basis (if any) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Contract | PTA(GIA) | | | |
| **Principal** | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| **English** | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| **Hindi** | 01 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | On deputation |
| **Economics** | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| **Pol. Science** | 01 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **History** | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| **Math** | 02 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Geogrpahy** | 01 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Physical Education** | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| **Psychology** | 01 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Philosophy** | 01 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Music (Instrumental)** | 01 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Commerce** | 02 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Physics** | 02 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| **Chemistry** | 02 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | |
| **Botany** | 01 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **Post Filled-up against Leave Vacancy** |
| **Zoology** | 02 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | |
| | | | | | | | |
| **Total** | **22** | **09** | **10** | **0** | **03** | **0** | |

### गैर–शिक्षक वर्ग

| Category | Sanctioned | Filled | | | Vacant | Local PTA Basis (if any) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Contract | PTA (G I A) | | | |
| Librarian | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| Asstt. Librarian | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| Librarian Attendant | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| Restorer | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| L.A. | 5 | 1 | 0 | 0 | 4 | 0 | |
| J.L.A. | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Tabla Vadak | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| Supdt. Gr. I | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **Retired on dated 30.11.2023** |
| Supdt. Gr. II | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | | |
| Sr. Asstt. | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| Clerk | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | |
| Store Keeper | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| Chowkidar | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| Peon | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| Mali | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| Sweeper | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | **01 (out of A.F)** |
| **Total** | **27** | **11** | **0** | **0** | **16** | **0** | |
| **Grand Total** | **49** | **20** | **10** | **0** | **19** | **0** | |

## आगमन एवं प्रस्थान :–

स्थानान्तरण सरकारी सेवा का अभिन्न पहलू है। इस सत्र में निम्न स्थानान्तरण एवं आगमन हुए हैं:–

**वर्तमान सत्र में निम्नलिखित प्राध्यापक इस महाविद्यालय में भिन्न–भिन्न महाविद्यालयों से स्थानांतरित होकर आए :–**

**प्रा० उपेन्द्र शर्मा (प्राचार्य)**

**प्रा० रविन्द्र कुमार**

**प्रो० विकास कलोत्रा**

**प्रो० सुमीक्षल सूद**

**प्रो० अरविंद कुमार**

**प्रो० रजनी देवी**

**प्रो० सचिन कुमार**

**प्रो० हरजिंदर सिंह**

**प्रो० अंशु देवी**

**प्रो० ललिता शर्मा**

**डा० आस्था गुप्ता**

**प्रो० सरजनी**

**प्रो० पूनम**

**प्रो० शिवानी**

**इस सत्र में रिटायरमंट :–**

**श्रीमति संतोश कुमारी (सुपरीटेंडेंट ग्रेड 1)**

**इस सत्र में निम्नलिखित प्राध्यापक इस महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर अन्य महाविद्यालय में गए :–**

**डा० प्रदीप कुमार कौण्डल (प्राचार्य)**

**प्रो० विजय कुमार**

**प्रो० नविता देवी**

**प्रो० ओंकार चंद**

## परीक्षा परिणामः–

महाविद्यालय का वार्षिक परिणाम 2022-23 सत्र का संतोषजनक रहा।

## छात्रवृत्तियांः–

सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत सत्र 2023–24 के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों के लिए बजट आबंटन हेत 36 विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

| वर्ग | छात्र |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 19 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 15 |
| आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग | 1 |
| कल्पना चावला | 1 |
| कुल योग | 36 |

सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो० वन्दना भड़वार जी की माता जी ने अपने पति स्व0 श्री दुर्गा दास गाँधी जी के नाम से 100,000 की राशि सावधि जमा योजना के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रदान की थी जिसके ब्याज से प्रतिवर्ष मेधावी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जातो है। इस छात्रवृत्ति को प्राप्त करने वाले का चयन प्राचार्य अपने स्टाफ के साथ मिलकर करते हैं। महाविद्यालय परिवार आपका तह दिल से धन्यवाद एवं अभार व्यक्त करता है।

| Sr. No. | Beneficiaries (लाभान्वित छात्र) | Class & Roll No. | Type of Fellowship (छात्रवृत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | Palak D/O Sh. Manoj Kumar | B.Sc 3rd Year 21PH 017 | Rama Gandhi Fellowship |
| 2. | Lakshmi Bhatia D/O Sh. Mahinder singh | B.Sc 2nd year 22MA003 | Rama Gandhi Fellowship |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | Neha Devi D/O Sh. Asha Chand | B.A. 2nd Year 22PS012 | Rama Gandhi Fellowship |
| 4. | Ankit Kumar S/O Sh.Satish | B.Sc 3rd Year 21PH005 | Sh.Durga Chand Gandhi Fellowship |
| 5. | Sumit Kumar S/O SH. Sushil Kumar | B.Com 2nd Year 22CM 033 | Sh. Durga Chand Gandhi Fellowship |

## पुस्तकालयः–

विद्यार्थियों में ज्ञान एवं बुद्धि संवर्धन हेतु पुस्तकालय का अपना महत्व होता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से सबंधित 4594 पुस्तकें उपलब्ध हैं। चार मासिक व साप्ताहिक पत्रिकाएं एवं छः समाचार पत्र छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। इस सत्र से ऑनलाईन जरनल व किताबों को पढ़ने की सुविधा भी शुरू की गई है।

## केन्द्रीय छात्र परिषदः–

लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्माण में केन्द्रीय छात्र परिषद का विशेष महत्व है। वर्तमान सत्र में छात्र परिषद के चुनाव सितंबर 2023 में लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप करवाए गए। वार्षिक परोक्षाओं की योग्यता सूची में श्रेष्ठ रहे प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया और उन्हीं में से वरीयता क्रम में श्रेष्ठ विद्यार्थी निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए। चयनित पदाधिकारियों को 31 अक्टूबर 2023 को केंद्रीय छात्र परिषद् समारोह के अंतर्गत शपथ दिलाई गई।

| Name (नाम) | Class (कक्षा) | Position (पद) |
|---|---|---|
| Riya Minhas | B.Sc. III | President |
| Neha Sharma | B.A. III | Vice President |
| Kashak | B.Com. 1st | General Secretary |
| Payal | B.A 1st | Joint Secretary |

## अभिभावक–अध्यापक संघ :–

इस वर्ष अभिभावक–अध्यापक सघ का गठन अगस्त 2023 को किया गया। अभिभावक – अध्यापक संघ का महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। संघ की कार्यकारिणी निम्नलिखित है :–

**1 संरक्षक – प्रो. उपेन्द्र शर्मा**

**2 अध्यक्ष – श्री चंद्र शेखर**

**3 उपाध्यक्ष – श्री अमर सिंह**

**4 सचिव – डा० खुशी राम भगत**

**5 संयुक्त सचिव – श्रीमति सोनिया कुमारी**

**6 कोषाध्यक्ष – श्री हरिदास**

**7 अंकेक्षक – प्रो. रविन्द्र कुमार**

**8 मुख्य सलाहकार – श्री कमल जीत सिंह**

## सांस्कृतिक गतिविधियां एवं उपलब्धियांः–

सांस्कृतिक गतिविधियां ही देश तथा समाज की सजीवता और समृद्धि के अतिरिक्त मानवीय जीवन मूल्यों की परिचायक होती है। समाज की समग्र साधना और आकांक्षाएं इन्हीं गतिविधियों से परिचालित रहती हैं। इनकी अभिव्यक्ति के माध्यम से युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव और समर्पण की अनुभूति होती है तथा व्यावहारिक एकता का सूत्रपात भी होता है। इसी दृष्टिकोण के तहत विद्यार्थियों की कलात्मक शक्ति को उभारने हेतु सांस्कृतिक गतिविधियों में उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महाविद्यालय के छात्रों ने इस सत्र में 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को उपमण्डल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

- 5 सितंबर को अध्यापक दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के द्वारा एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता छात्र–छात्राओं को कंवर दुर्गा चन्द जयंती में सम्मानित किया गया।
- राजकीय महाविद्यालय थुरल द्वारा 12 अक्टूबर को आयोजित लोक संगीत व काव्य पाठ इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग लोक संगीत में स्नेहा ने तीसरा स्थान और छात्र वर्ग लोक संगीत एकल गायन में प्रथम वर्ष के छात्र गौरव ने भी तीसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- 24 सितंबर 2023 को स्वर्गीय कवर दुर्गा चंद जी की जयंती बड धूमधाम के साथ मनाई गई महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कायक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें लोक नृत्य, लोकगीत एवं पहाडो संस्कृति की प्रस्तुतियां प्रमुख रही। कवर दुर्गा चंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को माननीय मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।
- 12 फरवरी 2024 को केंद्रीय छात्र परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताआ में एकल गायन, समूह गायन, युगल गायन तथा समूह नृत्य शामिल रहे।
- कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व का आयोजन किया गया । इस पावन दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में संगीत विभाग के सभी छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हए मॉ सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

## अध्यापक दिवस–

5 सितबर 2023 को महाविद्यालय के परोक्षा भवन में अध्यापक दिवस मनाया गया । पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधा कृष्णन के जीवन एंव आदर्शों पर प्रकाश डाला गया । इसी दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में भी भाग लिया। इसके अन्तर्गत काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## खेलकूद गतिविधियांः–

वर्तमान सत्र में डॉक्टर खुशी राम भगत के नेतृत्व में विद्यार्थियों में खेल–भावना जागृत करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। परिणामस्वरूप इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं – ताइक्वांडो ( पुरुष व महिला ), बॉक्सिंग ( पुरुष), कबड्डी आदि में भाग लिया और उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा। इसी के अंतर्गत आदित्य बी कॉम तृतीय वर्ष के छात्र ने ताइक्वांडो पुरुष वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया । इस वर्ष वार्षिक खेलकूद का आयोजन 12 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया । इसमें छात्र–छात्राओं के लिए सबसे पहले 100 मी, 200मी., 400मी. धावन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । तत्पश्चात डिस्कस थ्रो, लंबी कूद और ऊची कूद प्रतियोगिताए भी हुई । वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के अतिरिक्त

महाविद्यालय की रोवर और रेंजर, रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रोड सेफ्टी क्लब द्वारा मार्च पास्ट भी आकर्षण का केंद्र रहा। एथलेटिक मीट में बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र अक्षय को पुरुष वर्ग में और प्रिया बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया । वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को प्राचार्य द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया । इसके साथ ही कॉलेज में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इसके अतिरिक्त कंवर दुर्गा चंद जयंती के उपलक्ष्य पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया ( वॉलीबॉल और कबड्डी)। इसमें विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

इस सत्र के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न टीमों ने विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें वालीबॉल टीम में पुरूष और Taekwondo टीम में पुरूष व महिला दोनों ने भाग लिया जो कि इस प्रकार से हैः–

| Sr. No. | Particular | No. | Date | Venue |
|---|---|---|---|---|
| 1. | H.P.U. Inter College Taekwondo ( Men & Women) Championship<br><br>**NOTE**: Aaditya B.Com IIIrd year won **Bronze Medal.** | 04 (02 boys and 02 girls) | 17-11-2023 to 19-11-2023 | Govt. College Dhami 16 Mile, Shimla |
| 2. | H.P.U. Inter College Volleyball (Men) Championship | 10 (boys ) | 21-11-2023 to 23-10-2023 | Govt. College Una |
| 3. | H.P.U. Inter College Kabaddi (Men) Championship | 10 (boys) | | Gautam College Hamirpur |
| 4. | H.P.U. Inter College Boxing (Men) Championship | 02 (Boys) | 17-11-2023 to 19-11-2023. | Govt. College Jogindernagar |

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः–

इस वर्ष महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई काम कर रही है। इस इकाई के अंतर्गत 100 स्वयंसवक पंजीकृत हैं। विगत सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यभार नए कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विकास कलोत्रा ने संभाला। इस सत्र में एन० एस० एस० इकाई की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। बीते सत्र में एन० एस० एस० इकाई ने निदषानुसार विभिन्न कार्यक्रमा का सफल आयोजन किया जो कि इस प्रकार से हैः–

- 21 जून 2023 को महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया।
- 25 जून 2023 को ''इंटरनेशनल ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिक डे' मनाया गया।
- 09 अगस्त 2023 को ''मेरी माटो मेरा देश'' मिशन के तहत महाविद्यालय में एक रैली का आयोजन किया गया।
- 24 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में एन.एस.एस दिवस मनाया गया।
- 13 अक्टूबर 2023 को ''मेरो माटी मेरा देश'' मिशन के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।
- 20 अक्टूबर 2023 को सड़क सुरक्षा कैंपेन चलाया गया।
- 25 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर प्रस्तावना की शपथ दिलवाई गई।
- महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विषेष षिविर 23–12–2023 से 29–12–2023 को लगाया गया। यह विषेष षिविर गांव डलू में लगाया गया था जहां पर स्वयसेविया ने गांव के लोगों से मेल–जोल बढ़ाया, साफ सफाई कार्यक्रम व नषे के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस षिविर में जयसिंहपुर चौगान की सफाई की गई और इसे न्यूज चैनल द्वारा लाईव चलाया गया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियांः–

## FACULTY INDUCTION PROGRAMME

- प्रा० रजनी देवी, प्रो० अंशु देवी, प्रो० ललिता और प्रो० सरजनी ने 24–07–2023 से 29–07–2023 तक तथा प्रो० सचिन, प्रा० हरजिंदर, डॉ आस्था और प्रो सुमिक्षल ने 31–07–2023 से 05–08–2023 तक तथा डॉ खुशी राम भगत ने 07–08–2023 से 12–08–2023 तक इंडक्शन टीचर ट्रेनिंग प्राग्राम, जो की जी.सी.टी.ई धर्मशाला के द्वारा आयोजित किया गया था उसमें भाग लिया।

## CONFERENCES : -

- प्रो० विकास कलोत्रा, प्रो० किरण शर्मा, डॉ खुशी राम भगत, प्रो० अंशु देवी, प्रो० सरजनी के द्वारा 27–10–2023 को एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय कान्फ्रेंस "History and Culture of Himalayan Tribes: Status and Continuity" में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ इंद्र कुमार के द्वारा चार दिवसीय अंतराष्ट्रीय कान्फ्रेंस 7th Internaltional online Conference on Comteporary Studies in Mangement (CoSiM) November 24-27, 2023 में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- डॉ० अर्पित कायस्था के द्वारा एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय कान्फ्रेंस On Recent Trends in Science and Technology for Environment Conservation and Sustainable Development, 29th September – 30th September, 2023 Sidharth Govt. Utkrisht College Nadaun, Himachal Pradesh में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

## PAPER PUBLICATIONS:

- प्रो० सुमीक्षल सूद के द्वारा एक अंतराष्ट्रीय व एक राष्ट्रीय शोधपत्र Publish करवाए गए। प्रो० अरविंद कुमार व प्रो० किरण के द्वारा दो राष्ट्रीय शोधपत्र प्रकाशित करवाए गए व प्रो० रजनी के द्वारा एक राष्ट्रीय शोधपत्र प्रकाशित किया गया।

## FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME:

- प्रो० रविन्द्र कुमार, प्रो० सुमीक्षल सूद और प्रो० रजनी ने 16–10–2023 से 21–10–2023 तक Maharaj Agrasen University, Baddi, Himachal Pradesh द्वारा आयोजित One Week Faculty Development Programme में भाग लिया।
- **डॉ० अर्पित कायस्था ने 04-08-2023 से 18-08-2023 तक** Human Resource Development Centre Kumaun University **के द्वारा** UGC & Sponsored Referesher Course **में भाग लिया व** A+ Grade **हासिल किया। प्रो० विकास कलोत्रा ने 09-11-2023 से 20-11-2023 तक** Teacher Learning Center Ramanujan College University of Delhi **द्वारा प्रायोजित** "Faculty in Universities/Colleges/Institutes of Higher Education" **में ऑनलाईन रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।** Teacher Learning Center Ramanujan College University of Delhi **द्वारा आयोजित इस रिफ्रेशर कोर्स में प्रो० विकास कलोत्रा ने** "A+" Grade **हासिल किया।**

**रड–रिबन क्लबः–**

## K.D.C. GOVT. DEGREE COLLEGE JAISINGHPUR

रेड रिबन क्लब भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक आंदोलन है जिसके माध्यम से छात्र एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करते हैं। ये क्लब नियमित रूप से आसपास के गांवों में एड्स के बारे में जागरूकता फैलाता है। एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कॉलेज में रेड–रिबन क्लब का गठन किया गया। क्लब में कुल 50 छात्र नामांकित हैं। कॉलेज द्वारा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता अभियान, पोस्टर बनाना, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियानों, रैलियों, नाटकों, परिचर्चाओं आदि के माध्यम से एचआईवी/एड्स से संबंधित जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। हमारे छात्रों ने समय–समय पर सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

**नोडल अधिकारी :-** प्रो० किरण

**सह प्रभारी :–** प्रो० रजनी देवी

**2023-24 में आर.आर.सी. क्लब द्वारा संचालित गतिविधियॉं।**

### उपलब्धियांः–

1. रेड रिबन क्लब के द्वारा टी.बी जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में दिनांक 31/10/2023 को किया गया ।

2. रेड रिबन क्लब के द्वारा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस दिनांक 01/12/2023 पर मोमबत्ती की रोशनी वाली रंगोली, जागरूकता पर व्याख्यान आदि का आयोजन किया गया।

2. रेड रिबन क्लब के द्वारा युवा दिवस समारोह के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 12 जनवरो से 26 जनवरी, 2024 तक
3. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### विभिन्न प्रशिक्षण में उपस्थित नोडल अधिकारी:

1. रेड रिबन क्लब के सह–संयोजक के साथ दो छात्रों ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जो कि डी. ए. पी. आ. कांगड़ा द्वारा राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज मसल नगरोटा बगवां में 03/11/2023 को आयोजित किया गया।

2. रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी के द्वारा दिनांक 9/2/2024 को एक दिवसीय टी.बी.जागरूकता प्रशिक्षण जो की बी. डी.ओ.ऑफिस धर्मशाला में आयोजित हुआ उसमें भाग लिया गया।

## रोवर्स एवं रेंजर्सः–

इस महाविद्यालय में 18 से 23 वर्ष तक के आयु वर्ग के उत्साही, कर्मठ व ईमानदार युवाओं के लिए रेंजर्स और रोवर्स की एक इकाई का गठन किया गया है।

रोवर्स के अधिकारीः–प्रो० अरविंद कुमार

रेंजर्स के अधिकारीः–प्रो० रजनी देवी

### उपलब्धियांः–

1. रोवर और रेंजर क्लब के छात्रों को निपुण कैप के लिए भारत स्काउट एवं गाईड टनिंग सेंटर रिवालसर जिला मण्डी में प्रो० रजनी के नेतृत्व में 5 छात्राओं को 21 सितंबर – 25 सितंबर तक रवाना किया गया।
2. रोवर और रेंजर क्लब के छात्रों को निपुण कंप के लिए भारत स्काउट एवंम गाईड ट्रेनिंग सटर रिवालसर जिला मण्डी में प्रो० अरविंद के नेतृत्व में 8 छात्रों को 26 सितंबर – 30 सितंबर तक रवाना किया गया।

**वार्षिक प्रतिवेदन – 2023–24**

3. रोवर और रेंजर क्लब क छात्रों के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' मिषन के अंतर्गत साफ– सुथरे पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए 29.09.2023 को महाविद्यालय के पस्तकालय तथा क्लासरूम की सफाई की गई।
4. रोवर और रेंजर क्लब के द्वारा महाविद्यालय में भारत स्काडट एवं गाईड का स्थापना दिवस 07.11.2023 को प्रो. रजनी और प्रो अरविंद के नेतृत्व में मनाया गया।
5. रोवर और रेंजर क्लब के द्वारा 25.11.2023 को सविंधान दिवस मनाते हुए एक दिवसीय कप लगाया गया जिसमें स्वच्छता पर जागरूकता फैलाते हुए महाविद्यालय के परिसर की सफाई की गई।

## रोड़ सेफ्टी क्लब :–

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में रोड़ सेफ्टी क्लब का गठन किया गया। क्लब को गठित करने का उद्देष्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमा के प्रति जागरूक करना है। क्लब के द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**प्रभारी :– डॉ. खुशी राम भगत**

**सह प्रभारी :– प्रो. अरविन्द कुमार**

- 07–10–2023:–सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा पर छात्रों को जागरूक करवाना रहा।
- 13–10–2023:– सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो के बारे में जागरूक करने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में ASI देशराज ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करने के लिए प्रेरित किया।
- 20–10–2023:– सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा रैलो का आयोजन किया गया।
- 27–10–2023:– सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 03–11–2023:– सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- 10–11–2023:– क्लब के द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 08–12–2023:– क्लब के द्वारा भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 09–02–2024:– सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।
- 13–02–2024:– सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

## प्रहरी क्लब :–

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में नषा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रहरी क्लब का गठन किया गया। इसमें विभिन्न कक्षाओं के 30 छात्र और छात्राएं प्रहरी क्लब के सदस्य हैं। क्लब को गठित करने का उद्देष्य छात्रों को नषे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

**प्रभारी**:– डॉ. खुशी राम भगत

**सह प्रभारी** :– प्रो. अरविन्द कुमार

**उपलब्धियां**:–

04–11–2023:– प्रहरी क्लब के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

## ईको क्लब

इको क्लब या ग्रीन क्लब एक स्वैच्छिक समूह है जो अपने पर्यावरण के बारे में सीखने और उसे बेहतर बनाने में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देता है। ग्रीन क्लब एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा छात्र और युवा इस मुद्दे के बारे में और अधिक जानने के लिए खुद को संगठित कर सकते हैं, और अपने तत्कालिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई भी कर सकते हैं। महाविद्यालय में इको क्लब का गठन 15–03–2021 को किया गया।

**प्रभारी**:– डॉ. आस्था गुप्ता

**सह प्रभारी** :– प्रो. सरजनी

16–03–2021:– ईको क्लब के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व छात्रों ने हिस्सा लिया।

05–06–2021:– ईको क्लब के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। साथ में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

08–08–2022:– इको क्लब के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसम महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

04–11–2023:– ईको क्लब के द्वारा पौधारोपण, परिसर सौन्दयोकरण व् स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**कंप्यूटर लैब**:–

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज के विद्यार्थियों को अध्ययन करने के लिए कंप्यूटर लैब भी है। आज के युग में पढ़ाई किताबों तक ही सीमित नहीं रह गई है। इसलिए आजकल विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए इंटरनेट का सहारा भी ले रहे हैं। एडवांस टक्नोलॉजो हमारी एजूकेशन को और भी एडवांस कर रही है। कंप्यूटर लैब में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए 34 आधुनिक कंप्यूटर हैं। इन सभी कंप्यूटर में इंटरनेट की सुविधा दी गई है।

**कॉलेज वबसाइट**

कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय की अपनी www.gdcjaisinghpur.in वैबसाइट है । कालेज से सम्बन्धित हर जानकारी इस वबसाइट पर उपलब्ध रहती है । जो विद्यार्थियों, प्राध्यापकों तथा सम्बन्धित विभागों के लिए तो उपयोगी होती ही है । साथ ही उन सभी व्यक्तियों के लिए भी अत्यन्त लाभकारी साबित होती है, जिन्हें कालेज से सबधित किसी जानकारी की आवश्यकता हाती है ।

**महाविद्यालय पत्रिकाः–**

विद्यार्थियों की सृजन शक्ति को विकसित करने एवं उनमें लेखन प्रतिभा जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की पत्रिका '' कुन्जद्वार'' का सस्करण प्रकाशित किया गया एवं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसका संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

**धन्यवाद / आभारः–**

अंत में, मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से इस समारोह के मुख्य–अतिथि माननीय ई0 यादविन्द्र गोमा जी मत्री (आयुष, युवा सेवाएं और खेल, कानून एवं विधि परामर्श) हि0 प्र0 सरकार का धन्यवाद करता हूँ जिन्होने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद अपना अमूल्य समय देकर हमारे महाविद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन किया व हमारे बीच पधार कर इस समारोह की गरिमा बढ़ाई। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं धन्यवाद करता हूँ।

मैं अपने सभी सहयोगी अध्यापकों एवं कर्मचारियो, केन्द्रीय छात्र संघ व समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यावाद करता हूँ, जिन्होंने अपनी कर्तव्य निष्ठा, अनुशासन और सकारात्मक सहयोग से इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

**धन्यवाद !**

**जय हिन्द !** **जय हिमाचल !**

**प्रो० उपेन्द्र शर्मा**
**प्राचार्य**
**कँवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय**
**जयसिंहपुर, कांगड़ा हि० प्र०**

तिथिः– 06 मार्च 2024